कार्यालय
अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि०
घण्टाघर, सहारनपुर।

पत्रांक 1103 / वि०वि०म०द्वितीय / सहपुर / निविदा | दिनांक – 24/07/25

विज्ञापन व्यवस्थापक
हिन्दुस्तान
मेरठ (संस्करण)।

विज्ञापन व्यवस्थापक
दैनिक हाक
सहारनपुर (संस्करण)।

## विज्ञापन आदेश

महोदय,

कृपया कारपोरेशन के पत्र संख्या 400 / ऐसपी / डि०ए० / दिनांक 06.03.2025 की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि सदर्भित पत्र मे दिये गये मानकों के अनुरूप ही पत्र के साथ संलग्न 1 नं० विज्ञापन की निविदा सूचना अपने प्रकाशित दैनिक / साप्ताहिक समाचार पत्र में दिनांक 26.07.2025 तक के अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उल्लेखनीय बिन्दु निम्नवत् है

1. समाचार पत्रों मे उक्त निविदा प्रकाशन 8 से०मी० चौड़ाई के कॉलम (equivalent to 2 columns of news paper) में प्रकाशित कराये जायेंगे।
2. हिन्दी फॉन्ट krutidev 010 एव फॉन्ट साइज 10–12–14 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
3. अंग्रेजी फॉन्ट Times New Roman एवं फॉन्ट साइज 8–10–12 (यथा प्रदर्शित) का प्रयोग किया जायेगा।
4. प्रकाशन running matter के स्थान पर उक्त संलग्न प्रारूपों में यथास्वरूप ही प्रकाशित कराये जायेंगे।
5. कॉलम की ऊचाँई content के अनुसार परिवर्तनीय variable रहेगी। पंक्तियों के बीच का space संलग्न उदाहरण के अनुरूप रहेगा। इस space को बढ़कर विज्ञापन का आकार (height) अनाश्यक रूप से न बढ़ाया जाये।

1. स्थानीय प्रकृति की सूचनाऐं जैसे बिजली, बन्द रहने की सूचना, उपभोक्ता शिविर लगाने की सूचनाऍं बिजली बिलों के सम्बन्ध में सूचना आदि का प्रकाशन यथा सम्भव समाचार पत्र के स्थानीय पृष्ठ पर तथा निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ट पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
2. प्रकाशन के बाद विज्ञापन आदेश की प्रथम मूल प्रति प्रकाशन हेतु प्रेषित सामग्री की मूल प्रति के साथ, विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियो मे अग्रिम भुगतान प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन को दो सम्पूर्ण वाउचर प्रतियां संलग्न करते हुये भुगतान हेतु प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, मेरठ को / अधोहस्ताक्षरी को (जहां भुगतान क्षेत्रीय स्तर पर होना है) प्रेषित करें। विज्ञापन आदेश की प्रथम प्रति के स्थान पर फोटो प्रति प्रेषित करने पर सत्यापन / भुगतान सम्भव नहीं होगा।
3. संलग्न हिन्दी / अग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन अंग्रेजी भाषा के समाचार पत्र में अंग्रेजी भाषा में तथा हिन्दी समाचार पत्र में केवल हिन्दी भाषा मे ही किया जाये। हिन्दी समाचार पत्र के लिये संलग्न अंग्रेजी भाषा की समाग्री का अनुवाद हिन्दी भाषा में करने के उपरान्त ही विज्ञापन प्रकाशित किया जाये जिसके लिये समाचार पत्र को कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बतम एक सप्ताह के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाये अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन / भुगतान नही किया जायेगा।
5. यदि आपकी सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा विज्ञापन दरें स्वीकृत न हो तो कृपया विज्ञापन को प्रकाशित न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।
6. उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गन्दे अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती हैं अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका / निरस्त किया जा सकता है।

संलग्नक 1 विज्ञापन आदेश प्रथम एवं द्वितीय प्रति

भवदीय,

Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle-II
SAHARANPUR
अधीक्षण अभियन्ता

पत्रांक 1103 / दिनांक – 24/07/25

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, विक्टोरिया पार्क मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संलग्नित निविदाए निगम की वैबसाईट पर अपलोड कराने की कृपा करें ।
2. मुख्य अभियन्ता (वितरण) सहारनपुर क्षेत्र, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, सहारनपुर।
3. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, प0वि0वि0नि0लि0, मेरठ
4. उप मुख्य लेखाधिकारी, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0, जोनल कार्यालय सहारनपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–बलियाखेडी, सहारनपुर / रामपुरमनिहारान / नकुड।
6. N.I.E.L.I.T. (Docaee Center) Unit, PVVNL को डिस्काम की वैबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
7. नोटिस बोर्ड

Superintending Engineer
Electricity Distribution Circle
SAHARANPUR
अधीक्षण अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा सं० एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 29, 30/डब्लू/2025-26, विद्युत वितरण खण्ड बलियाखेड़ी एवं नकुड़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत आंधी तूफान दैवीय आपदा का कार्य।
2. 31/डब्लू/2025-26, विद्युत वितरण उपखण्ड–आई०टी०सी० के कार्यक्षेत्र में पूर्ण जमा योजना के अन्तर्गत रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य।
3. 32/डब्लू/2025-26 विद्युत वितरण खण्ड–नकुड़ परिक्षेत्र के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त एक्सएल०पी०ई० केबिल व मेजर ब्रेकडाउन के रनिंग कान्ट्रैक्ट का कार्य।
4. 33/डब्लू/2025-26 विद्युत परीक्षण खण्ड–द्वितीय के कार्यक्षेत्र में क्षतिग्रस्त 02 अदद 33 के०वी० वी०सी०बी०, सी०एच०आर०, ओवर करन्ट/अर्थ फाल्ट एवं पैनल की वायरिंग का कार्य।

अल्पकालीन ई–निविदा 29, 30, 31, 32 एंव 33/डब्लू/2025–26 की अंतिम तिथि : 07.08.2025 समय 13:00 बजे

विस्तृत जानकारी एंव प्रपत्र वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अन्य समस्त सूचनाए वेबसाईट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, सहारनपुर

**Superintending Engineer**
**Electricity Distribution Circle-II**
**SAHARANPUR**

Scanned with OKEN Scanner